आगरा | बुधवार • 19.11.2025

अमर उजाला 07

# आनंद कृषि विश्वविद्यालय के छात्रों ने सीखीं आधुनिक खेती की बारीकियां

संवाद न्यूज एजेंसी

## फसल प्रबंधन, जैविक खेती प्रयोगात्मक खेती में किए जा रहे परीक्षणों और नई तकनीकों को देखा

**बिचपुरी।** बीए. कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, आनंद कृषि विश्वविद्यालय (गुजरात) के छात्र मंगलवार को शैक्षिक भ्रमण पर बिचपुरी स्थित आरबीएस कॉलेज कृषि संकाय पहुंचे। छात्रों ने आधुनिक कृषि तकनीकों, शोध कार्यों और उन्नत शिक्षण पद्धति को समझा।

छात्रों ने फसल प्रबंधन, जैविक खेती, प्रयोगात्मक खेती में किए जा रहे परीक्षणों और नई तकनीकों को देखा। शस्य विज्ञान विभाग के प्रो. राजवीर सिंह और उद्यान विभाग के डॉ. बृजेश चतुर्वेदी ने छात्रों को ग्रामीण कृषि शिक्षा मॉडल, डिजिटल पुस्तकालय सुविधाओं और पर्यावरण अनुकूल हरित परिसर के बारे में बताया।

वहीं, प्रो. राजवीर सिंह ने कहा कि इस शैक्षिक यात्रा से दोनों संस्थानों के बीच आपसी सहयोग मजबूत हुआ है। इस दौरान आनंद कृषि विश्वविद्यालय के प्रो.(डॉ.) आरके थूमर, डॉ. केयूर, डॉ. मयूर, डॉ. ख्याति, डॉ. अमित, डॉ. अर्ना मौजूद रहीं।

